# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–30 जनवरी 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश मे परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को तेज, सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया है। एक रिपोर्ट–

***लखनऊ में आज अपने सरकारी आवास पर वित्त विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की राजकोषीय स्थिति, बजट प्रबंधन, पूंजीगत व्यय, वित्तीय सुधार और विभागीय नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश को सुदृढ़, पारदर्शी और रिजल्ट ओरिएंटेड वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना है। उन्होंने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय हर माह तय तारीख को उनके बैंक खातों में भेजने पर जोर दिया। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आर्थिक समीक्षा से पता चलता है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' तेजी से सही रास्ते पर आगे बढ़ रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि कल संसद में प्रस्तुत आर्थिक समीक्षा दिखाती है कि भारत की रिफॉर्म एक्सप्रेस कैसे लगातार और मकसद के साथ आगे बढ़ रही है। एक रिपोर्ट–

***समीक्षा में प्रस्तुत रूपरेखा का जिक्र करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि विनिर्माण को मजबूत करने, उत्पादकता में सुधार करने और भारत को विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में प्रगति को तेज करने के लिए स्पष्ट दिशा देती है। श्री मोदी ने औद्योगिक विकास, कौशल विकास और तकनीकी प्रगति का समर्थन करने वाले सुधारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि आर्थिक समीक्षा में दी गई जानकारी सूचित नीतियां बनाने और भारत के आर्थिक भविष्य में विश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार विकास की गति बनाए रखने और मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम करती रहेगी।***

**********

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा है कि श्रीराम मंदिर ट्रस्ट द्वारा एक विशेष समिति का गठन किया जा रहा है। यह विशेष समिति देश और विदेश में विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध प्राचीन रामायणों का चयन करेगी। आज अयोध्या में श्री मिश्र ने बताया कि जांच और प्रामाणिकता के बाद चयनित रामायणों को मंदिर परिसर में स्थान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उन्नीस मार्च को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के अयोध्या आने की संभावना है। अपने अयोध्या दौरे के दौरान राष्ट्रपति मंदिर निर्माण से जुड़े करीब चार सौ श्रमिकों को सम्मानित करेंगी।

**********

प्रयागराज में चल रहे माघ मेले के युवा चेतना शिविर में आज केन्द्रीय सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम माझी ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक देश को विकसित बनाने का प्रयास तेजी से हो रहा है। श्री माझी ने कहा कि हमारा देश विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और दो हजार तीस तक हम लोग विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे।

**********

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच–प्रगति ने अपनी 50वीं सफल बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत परियोजनाओं को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***जल शक्ति मंत्रालय पानी के संसाधनों के प्रबंधन, पेय जल की आपूर्ति, सफाई व्यवस्था और नदियों का पुनरुद्धार करने से जुड़ी नीतियों, कार्यक्रमों और परियोजना को बनाने और लागू करने के लिए जिम्मेदार है। पीएमजी पोर्टल पर परियोजना पोर्टफोलियों में सिंचाई के तहत 66 परियोजना, सीवेज संग्रह, निपटान और उपचार के तहत 26 परियोजना और पानी के संग्रह, उपचार और आपूर्ति से जुड़ी एक परियोजना शामिल है। पीएमजी पोर्टल पर निगरानी किए जा रहे 66 सिंचाई परियोजना में से 43 हजार पांच सौ 83 करोड़ रुपये के निवेश वाले दस प्राथमिकता वाली परियोजना की समीक्षा प्रधानमंत्री ने प्रगति मंच के तहत की है। 27 सिंचाई परियोजना में कुल 126 मुद्दे सामने आए हैं, जिसमें प्रगति समीक्षा वाले परियोजना से जुड़े 14 मुद्दे शामिल हैं, बाकी 20 मुद्दों की प्रगति व्यवस्था के तहत सक्रिय रूप से निगरानी की जा रही है। आनंद कुमार के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

कृतज्ञ राष्ट्र आज महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। उनकी पुण्यतिथि पूरे देश में शहीद दिवस के तौर पर मनायी जाती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि गांधी जी ने स्वदेशी पर हमेशा विशेष बल दिया, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का एक मूलभूत स्तंभ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित की। श्री योगी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्रद्धेय 'बापू' का सत्यनिष्ठ आचरण, अहिंसा की उनकी अडिग साधना और मानवता के प्रति अनन्य करूणा सम्पूर्ण विश्व को सदैव आलोकित करती रहेगी।

इस अवसर पर वाराणसी, मऊ, उन्नाव सहित प्रदेश के कई जिलों में प्रार्थना सभा तथा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**********

गोरखपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में आज सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं और हल्की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज कहीं कहीं घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**********